प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

पंचायत चुनाव

प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के पहले चरण के लिए आज चुनाव शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। पहले चरण के तहत आज प्रदेश की एक हजार 2 सौ 93 पंचायतों और ज़िला परिषद व पंचायत समिति सदस्य के लिए सुबह 7 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक मतदान हुआ। मतदान सम्पन्न होने के बाद पंचायत प्रधानों, उपप्रधानों व वार्ड सदस्यों के लिए डाले गए वोटों की गिनती जारी है और कई स्थानों पर नतीजे भी घोषित कर दिए गए हैं। इस बार निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष व पारदर्शी बनाने के लिए मत पेटियों में स्कैनर की सुविधा शुरू की है। मतगणना में कोई भी गड़बड़ी रोकने और इसमें पारदर्शिता बनाए रखने के लिए चुनाव आयोग ने शत–प्रतिशत मतदान केन्द्रों को सीसीटीवी कैमरों से जोड़ा है।

मतदाता

इस बीच आज पंचायत चुनाव के पहले चरण के मतदान को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं से लेकर उम्र दराज मतदाताओं तक ने लोकतंत्र के इस महापर्व में उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। बिलासपुर ज़िला की घुमारवीं विकासखंड की सेऊ ग्राम पंचायत के पिंक बूथ पर प्रदेश की सबसे उम्रदराज मतदाता 113 वर्षीय मंगलू देवी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, इसी तरह शिमला ज़िला की ननखड़ी तहसील की ग्राम पंचायत खमाड़ी के करोली गांव की सौ वर्षीय रामपति और हमीरपुर ज़िला की टिक्करी मिन्हासा पंचायत के वार्ड नम्बर–एक में समलोग गांव की सौ वर्षीय रेश्मो देवी भी वोट डालने के लिए मतदान केन्द्र पहुंची। अधिकांश मतदान केन्द्रों पर गर्मी के चलते सुबह के वक्त मतदाताओं की जोरदार भीड़ उमड़ी और लोग कतारों में खड़े होकर मतदान के लिए अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। कई ग्राम पंचायतों में मतदान की समय सीमा खत्म होने के बाद भी मतदाताओं की लंबी–लंबी कतारें देखी गई।

निर्वाचन आयोग

इस बीच कुल्लू ज़िला में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। ज़िला के नग्गर विकास खंड में 85 दशमलव एक–आठ प्रतिशत और आनी विकास खंड में 82 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। सिरमौर ज़िला में 75 दशमलव पांच–दो प्रतिशत जबकि सोलन ज़िला में लगभग 75 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार को प्रयोग किया। ऊना ज़िला में 76 दशमलव दो–आठ प्रतिशत और बिलासपुर ज़िला में 75 दशमलव छः–एक प्रतिशत मतदान हुआ। बिलासपुर ज़िला के झण्डुता उपमंडल की भड़ोलीकलां पंचायत के वार्ड नम्बर–एक भड़ोली खुर्द के ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया। आज हुए पंचायत चुनावों में महिलाओं ने भारी संख्या में मतदान किया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने निर्देश दिए हैं कि मंडी मध्यस्थता योजना के तहत खरीद पर बागवानों को भुगतान के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण की संभावनाएं तलाशी जाएं। मुख्यमंत्री शिमला में बागवानी विभाग की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मौजूदा भुगतान प्रणाली में बागवानों को मंडी मध्यस्थता योजना के तहत की गई खरीद पर नकद राशि के स्थान पर विभाग द्वारा अन्य सामग्री प्रदान कर भुगतान किया जाता है। उन्होंने ये भी निर्देश दिए कि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से राशि का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कदम से छोटे और सीमांत सेब उत्पादकों की आर्थिकी में सुधार होगा।

मांग

रेणुक बांध विस्थापित संघर्ष समिति ने वन विभाग से बांध प्रभावित क्षेत्र में निष्पक्ष तरीके से पेड़ों की गिनती करवाने की मांग की है। रेणुका बांध विस्थापित संघर्ष समिति के प्रैस सचिव योगी ठाकुर ने आज नाहन में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि यदि इस कार्य में पारदर्शिता नहीं बरती गई तो समिति मामले को न्यायालय में ले जाएगी। समिति ने चुने हुए जनप्रतिनिधियों से भी इस मुद्दे को गंभीरता से उठाने और प्रभावित लोगों की आवाज बुलंद करने की मांग की है ताकि विस्थापितों को न्याय मिल सके।